चौरी–चौरा शताब्दी समारोह
महत्वपूर्ण/समयबद्ध
संख्या–275/चार–2021

प्रेषक,

मुकेश कुमार मेश्राम,
प्रमुख सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

1. **अपर मुख्य सचिव,**
माध्यमिक शिक्षा/बेसिक शिक्षा/उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।
2. **समस्त मण्डलायुक्त/जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।**

संस्कृति अनुभाग दिनांक 31 जनवरी, 2021

विषयः दिनांक 04 फरवरी, 2021 को चौरी चौरा शताब्दी महोत्सव के आयोजन अवसर पर वन्दे मातरम गायन के वीडियो अपलोडिंग को गिनीज बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन के पत्र संख्या–265/चार–2021, दिनांक 30 जनवरी, 2021 (छायाप्रति संलग्न) तथा उपरोक्त विषयक अधोहस्ताक्षरी के पूर्व पत्र सं0–246/चार–2021, दिनांक 28 जनवरी, 2021 (छायाप्रति संलग्न) का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा अवगत कराया गया है कि चौरी चौरा शताब्दी महोत्सव के व्यापक प्रचार–प्रसार एवं जनसहभागिता हेतु संपूर्ण प्रदेश में दिनांक 04 फरवरी, 2021 के प्रातः 10:00 बजे वंदेमातरम का समवेत गायन होगा। इसी क्रम में चौरी चौरा एवं स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों को नमन करने हेतु **'सैल्यूट मुद्रा में वन्दे मातरम् के प्रथम छन्द'** गायन का व्यक्तिगत वीडियो ऑनलाइन/वेबसाइट पर अपलोड कर गिनीज बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड में सम्मिलित कराये जाने का निर्णय लिया गया है। उक्त के क्रम में निम्न बिन्दुओं पर कार्यवाही अपेक्षित हैः–

1. गायन एवं वीडियो अपलोड हेतु प्रत्येक जनपद में कम्प्यूटर सहित इण्टरनेट सुविधायुक्त विद्यालयों/महाविद्यालयों/ विश्वविद्यालयों/अन्य उपयुक्त स्थलों को केन्द्र घोषित करते हुए एक नोडल अधिकारी नियुक्त कर उनका नाम एवं मोबाईल नम्बर तथा गायन हेतु चयनित विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की सूची संस्कृति विभाग को ईमेल–chaurichauragwr@gmail.com पर 02 फरवरी, 2021 सायं 04:00 बजे तक अवश्य प्रेषित कर दी जाये। केन्द्र पर पर्याप्त संख्या में तकनीकी कर्मचारी भी उपलब्ध रहें।
2. दिनांक 02 फरवरी, 2021 को प्रत्येक केन्द्र पर पूर्वाभ्यास/रिहर्सल कराने एवं दिनांक 03 फरवरी, 2021 प्रातः 10.00 बजे से 04 फरवरी, 2021 मध्यान्ह 12.00 बजे तक वन्दे मातरम् गायन का वीडियो अपलोड कराने का कार्य समयबद्ध कराया जाए। वीडियो अपलोड करने हेतु दिनांक 03 फरवरी, 2021 को प्रातः 09.00 बजे गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड द्वारा

वेबसाइट/लिंक उपलब्ध कराई जायेगी। इसकी सूचना शीघ्र ई-मेल/व्हाट्सअप ग्रुप/सोशल मीडिया/विज्ञापन द्वारा दी जायेगी।

3. प्रत्येक वीडियो में केवल एक ही प्रतिभागी सस्वर वन्दे मातरम के प्रथम छन्द-

"वन्देमातरम्, वन्देमातरम्,
सुजलाम्, सुफलाम्, मलयजशीतलाम्,
शस्यशामलाम् मातरम्,
वन्दे मातरम्, वन्दे मातरम् "

का गायन सैल्यूट मुद्रा में करते हुए वीडियो बनायेगा जिसकी न्यूनतम अवधि 20 सेकेण्ड होगी। सम्पूर्ण अवधि में प्रतिभागी की स्पष्ट सैल्यूट मुद्रा आवश्यक है। ऐसा न होने पर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड द्वारा प्रविष्टि स्वीकार नहीं की जायेगी। अतएव **केन्द्र के नोडल अधिकारी इसका विशेष ध्यान रखें कि वीडियो के आरम्भ से अंत तक प्रतिभागी सैल्यूट मुद्रा में ही गायन करें।** सैम्पल वीडियो ईमेल के साथ संलग्न कर प्रेषित किया जा रहा है तथा पर्यटन विभाग की वेबसाइट www.uptourism.gov.in एवं संस्कृति विभाग की वेबसाइट upculture.up.nic.in पर भी उपलब्ध है।

4. यह भी ध्यान रखा जाये कि प्रत्येक शब्द अथवा अक्षर का उच्चारण त्रुटिहीन हो तथा बाधित न हो।

5. इस अभियान में कोई भी नागरिक अपने घर, कार्यालय, पार्क, स्कूल कॉलेज, खेत आदि के गरिमायुक्त बैकग्राउण्ड में सैल्यूट की मुद्रा में वंदे मातरम् गायन एवं वीडियों निर्माण कर प्रतिभाग कर सकता है परन्तु प्रतिभाग की शर्तें यथावत् रहेंगीं। **एक वीडियो में एक ही प्रतिभागी गायन करेगा तथा वीडियो प्रथम बार अपलोड किये जाने पर ही प्रविष्टि मान्य होगी, पुनरावृत्ति किये जाने पर प्रविष्टि स्वीकार नहीं होगी।**

6. नोडल अधिकारियों का एक वाट्सएप समूह बना लिया जाये। जिससे आवश्यक सूचनाओं एवं निर्देशों का आदान-प्रदान सुगमता से किया जा सके। सैम्पल वीडियो तथा अपलोडिंग हेतु वेबसाइट एड्रेस/लिंक इसी वाट्सएप समूह में भी प्रेषित किया जायेगा।

7. संस्कृति विभाग उ0प्र0 से इस कार्य हेतु श्री अमित कुमार अग्निहोत्री, सहायक निदेशक (मो0नं0-9451989884) को नोडल अधिकारी नामित किया गया है।

भवदीय,
31/01/2021
(मुकेश कुमार मेश्राम)
प्रमुख सचिव

संलग्नक : यथोपरि।

संख्या-275/चार-2021, तद्दिनांक

प्रतिलिपि- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1. **महानिदेशक,** पर्यटन महानिदेशालय, उ0प्र0 लखनऊ।
2. **कुल सचिव,** समस्त राज्य विश्वविद्यालय, उ0प्र0।

31/01/2021
(मुकेश कुमार मेश्राम)
प्रमुख सचिव